हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 3 जून 2025

12 करोड़ों का नशा पकड़ा, 224 आरोपी सलाखों के पीछे भेजे



12 फर्जी बिजली कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की...



## खबर संक्षेप

### नाथूसरी में बिजली अदालत आज

**सिरसा।** अधीक्षक अभियंता ओपरेशन सर्कल डीएचबीवीएन की अध्यक्षता में उपमंडल नाथूसरी के गांव बेगू में पड़ने वाले 132 केवी बिजली घर में आगामी 3 जून को बिजली अदालत का आयोजन होगा। जिसमें अधीक्षक अभियंता राजेंद्र सब्रवाल उपभोक्ताओं की बिजली बिलों व मीटर संबंधित शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

### उपभोक्ताओं के लिए सरचार्ज माफी योजना शुरू

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सरचार्ज माफी योजना - 2025 शुरू की है। इस योजना के तहत बिजली बिलों पर लगने वाला अतिरिक्त सरचार्ज माफ किया जाएगा। जो उपभोक्ता 31 अगस्त, 2024 तक निगम के रिकॉर्ड में डिफॉल्टर हैं और 9 मई, 2025 तक उनका नाम डिफॉल्टर सूची में है, वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

### समस्याओं का तय समय में हो समाधानः डीसी

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 61 शिकायतें आई। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ तय समय में पूरा करें, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।

### सैलून संचालक पर तलवारों से हमला

**सिरसा।** रोड़ी पुलिस ने गांव फग्गु निवासी कुलदीप पुत्र भूरा सिंह की शिकायत पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कुलदीप ने बताया कि वह गांव में हेयर सैलून का संचालन करता है। उसने बताया कि संडे दोपहर को वह सैलून पर कटिंग कर रहा था, तभी प्रगट सिंह पुत्र गुरपेज सिंह निवासी माना जिला मुक्तसर अपने भाई व साथियों के साथ कार पर सैलून आ धमका। उसने व उसके साथियों ने उस पर तलवार, लाठी-डंडो से वार किया, जिससे वह घायल हो गया।

### बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की टांग टूटी

**फतेहाबाद।** कुलां में एक तेजगति मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर दे मारी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में सदर टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में कुलां निवासी मक्खन सिंह ने कहा है कि गत दिवस शाम को वह अपने घर से पैदल कुलां चौक की तरफ जा रहा था।

### हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करने वाला काबू

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र ताराचंद, निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां के प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने 14 अप्रैल को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। भट्टूकलां पुलिस की टीम जब गश्त पर थी, तब उन्हें सूचना मिली कि आरोपी सोनू ने हथियार के साथ एक फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। पुलिस ने संबंधित सोशल मीडिया आईडी की जांच की, जिसमें यह पुष्टि हुई कि सोनू ने हथियार के साथ फोटो खिंचवाकर उसे सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया था।

## जून के आखिरी सप्ताह में मानसून देगा दस्तक

# नौतपा का आखिरी दिन आज, छाये रहेंगे बादल, बूंदाबांदी की संभावना

**6 जून तक तेजगति से हवाएं चलने, अंधड़ और हलकी बारिश की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मई का पूरा मास आंधी व बूंदाबांदी के बीच गुजरा। हालांकि इस बीच कुछ दिन ऐसे भी आए जब तेज लू का प्रकोप देखा गया। जून का महीने में भी मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। जून के पहले सप्ताह 6 जून तक तेजगति से हवाएं चलने, अंधड़ और हलकी बारिश की संभावना है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज हवाओं के बीच बारिश होगी।

जून के दूसरे सप्ताह धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसके बाद एक बार फिर पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी हवाओं से उमस भरी गर्मी पसीने छुड़वा सकती है। सोमवार दोपहर बाद फतेहाबाद में तेज हवाएं चली और बादल छाये रहे। बाद में हलकी बूंदाबांदी भी हुई। आज नौतपा का आखिरी दिन है। 25 मई को नौपता शुरू हुआ था। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसका सम्पूर्ण कालिक असर 15 दिन रहता है लेकिन तेज हीट वेव 9 दिन ही रहता है। इस हिसाब से आज नौतपा का आखिरी दिन होगा।

इस बार मौसम परिवर्तनशील रहने से नौतपा में गर्मी का ज्यादा असर नहीं देखा गया। मंगलवार को भी बादल छाये रहने और बूंदाबांदी के आसार है। उम्मीद है कि इस बार जून के आखिरी सप्ताह में ही मानसून यहां दस्तक दे देगा जो आमतौर पर जुलाई के पहले हफ्ते में आता है। मौसम वैज्ञानिक पहले ही बता चुके हैं कि इस बार मानसून पहले से 5-6 दिन जल्दी सक्रिय होगा।



**फतेहाबाद।** सुहावने मौसम में पार्क में घूमते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### इस बार सामान्य से ज्यादा होगी बारिश

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश और एनसीआर में जून महीने के अंतिम दिनों में मानसून के अपने तय समय से 4-5 पहले पहुंचने की संभावना है। इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से 8 दिन पहले केरल पहुंचा है। उस हिसाब से अनुमान लगाया जाए तो मानसून ने लगातार अपनी स्पीड पकड़ रखी है परंतु जल्द ही इस पर 10 दिन का ब्रेक लगने की संभावना बन रही है। मानसून के जल्दी आने की वजह अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन से बढ़ी हुई नमी है। समुंद्र का तापमान सामान्य से ज्यादा रहा, जिससे मानसूनी हवाएं तेजी से सक्रिय हुई। पश्चिमी हवाओं और चक्रवातों की हलचल ने भी मानसून को आगे बढने में मदद की। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन भी मौसम में बदलाव की एक वजह बन गई है। इस बार मानसूनी सीजन में जून से सितम्बर में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार बारिश 102 प्रतिशत रह सकती है।

### जून में 5 से 6 पश्चिमी विक्षोभ होंगे सक्रिय

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रमोहन के अनुसार जून महीने में 5 से 6 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। पहले पखवाड़े में 2 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश और तेजगति से हवाएं चलेंगी। जिससे मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि इस दौरान दिन और रात का तापमान सामान्य के आसपास ही बना रहेगा। जून में औसत बारिश 41.6 एमएम होती है। पहले पखवाड़े में बारिश भी सामान्य के आसपास होगी। दूसरे पखवाड़े के पहले सप्ताह में मौसम खुश्क बना रहेगा। इस दौरान बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान यानि डीप डिप्रेशन बनने की संभावना है जिसकी वजह से इलाके में एक बार फिर से पूर्वी और दक्षिणी पूर्वी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आएगी और मौसम में उमस व गर्मी बनी रहेगी।

# सांवरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- गांव रूपवास में रंजिश युवक की चारपाई से बांधकर पीट-पीट कर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा जिला के गांव रूपावास में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की लाठी-डंडों से पीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी रोहताश को चोपटा क्षेत्र से काबू कर लिया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी राजकुमार ने सोमवार को बताया कि मृतक के पिता रामेश्वर दास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 30 मई की शाम को कुछ लोगों ने मिलकर जबरन उसके बेटे को गली से उठाकर अपने घर पर ले गए और चारपाई पर रस्सी से बांध कर लाठी डंडों से बेहरमी से पीट-पीट कर उसके बेटे की हत्या कर दी है। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति कि शिकायत के आधार पर नाथूसरी चौपटा थाना में हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।



**सिरसा।** हत्यारोपी पुलिस गिरफ्त में।

### जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छाये द्रोणाचार्य अकैडमी के मुक्केबाज

**फतेहाबाद।** रोहतक में 4 से 7 जून को आयोजित होने वाली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग एण्ड फिटनेस क्लब फतेहाबाद मुक्केबाज अपना दमखम दिखाएंगे। कोच प्रदीप सैनी ने बताया कि फतेहाबाद में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाते हुए अकैडमी के खिलाड़ियों ना केवल गोल्ड मैडल जीता, बल्कि रोहतक में आयोजित होने वाली बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया। कोच ने बताया कि 57-60 किलो भार वर्ग में बादल, 60-63 किलो भार वर्ग में पर्व, 70-75 भार वर्ग में दिव्यांश 75-80 भार वर्ग में नीरज ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं लड़कियों में सुखमीत ने 66-70 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर क्लब व अपने माता पिता का नाम रोशन किया।

# पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल ने आईआईटी-जेईई एडवांस के परिणाम में रचा इतिहास

- समर्थ मेहता ने 7361 ऑल इंडिया रैंक की प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल ने आज घोषित हुए जेईई एडवांस 2025 परिणामों में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर हासिल किया है। फतेहाबाद के इतिहास में पहली बार स्कूल ने दो वर्षीय क्लासरूम टीचिंग से ऐसे उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं, जिसमें छात्रों ने प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल किए हैं। स्कूल के छात्रों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें समर्थ मेहता ने 7361 ऑल इंडिया रैंक, देव वाधवा ने 8046, सहज ने 16385, गैरी सिद्धू ने 26662 और अर्श सचदेवा ने 31794 ऑल इंडिया रैंक हासिल किया। स्कूल डायरेक्टर विजय निर्मोही, निशांत निर्मोही ने बताया कि इन उत्कृष्ट परिणामों से स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और प्रतिभाशाली छात्रों को पोषित करने की क्षमता का प्रमाण मिलता है। चेयरमैन शीलू निर्मोही, प्राचार्या गीतिका मेहता, उप प्राचार्या मैत्री निर्मोही, तनु भाटिया ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को इस शानदार परिणाम की शुभकामनाएं दी तथा बताया की स्कूल में नियमित रूप से नीट व जेईई की तैयारी करवाइ जाती है।



आईआईटी-जेईई एडवांस परीक्षा में अव्वल रहे पॉयनियर स्कूल के विद्यार्थी।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यशाला कल

**बेदी, श्रुति चौधरी, बराला और रेखा शर्मा लेंगी भाग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि के तहत 4 जून को होने वाली कार्यशाला को लेकर भूना रोड स्थित बीजेपी कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि भाजपा कार्यालय में होने वाली कार्यशाला के संयोजक प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जो कहा, वो पिछले 11सालों में पूरा किया और उसे सिद्धि तक पहुंचाया। 2014 से पहले और 2025 तक के समय का मूल्यांकन करेंगे तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आएगा। इन 11 सालों में भारत ने तेजी से तरक्की की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, इस संकल्प को हम सभी को मिलकर सिद्धि तक पहुंचाना है।



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते बीजेपी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

# एसपी ने करवाई पुलिस कर्मियों की परेड

- खामियों को सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस लाइन में सोमवार को एसपी सिद्धांत जैन की उपस्थिति में एक विशेष परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय क्षमता और संकट प्रबंधन कौशल को परखना और सुदृढ़ करना रहा। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने ईवीआर, पीसीआर, राइडर तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने उनके रख-रखाव, तकनीकी स्थिति और उपयोगिता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जहां भी खामियां पाई गई, वहां संबंधित कर्मचारियों को सतर्क करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। इस दौरान रेडक्रॉस टीम के प्रशिक्षक जगदीश चंद्र एवं उनकी टीम द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार और फर्स्ट एड देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने रक्तस्त्राव को रोकना, सीपीआर देना, स्ट्रेचर का उपयोग, घावों की प्राथमिक सफाई और आपात सेवाओं को तुरंत सूचित करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। यह प्रशिक्षण पुलिस बल को मौके पर ही जीवनरक्षक कदम उठाने में सक्षम बनाएगा।



**फतेहाबाद।** परेड का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

### परेड ग्राउंड में पंहुचकर परेड़ की ली सलामी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने बरनाला रोड स्थित पुलिस लाइन में सप्ताहिक जनरल परेड की सलामी लेकर परेड़ का निरीक्षण किया। परेड के दौरान पुलिस जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ लगाई गई। जनरल परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों में तैनात ईआरवी डायल 112, राइडर, पीसीआर व अन्य वाहनों पर तैनात पुलिस कर्मियों के रजिस्टर को गहनता से चैकिंग करने उपरांत पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए की सरकारी गाडियों को अपनी गाड़ी की तरह रखें। यदि भविष्य में किसी भी गाड़ी की सही तरीके से मेंटेनेंस या साफ सफाई नही पाई गई तो संबंधित थाना प्रभारी, वाहन चालक व गाड़ी में तैनात इंचार्ज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**फतेहाबाद।** गांव एमपी रोही में जरूरतमंद बेटी को आशीर्वाद स्वरूप उपहार देते डॉ. विरेन्द्र सिवाच। *फोटो : हरिभूमि*

# डॉ. सिवाच ने निर्धन कन्या की शादी में भेंट की आवश्यक वस्तुएं

- अब तक 400 से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की कर चुके है सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के प्रमुख समाजसेवी डॉ. वीरेंद्र सिवाच विगत तीन दशकों से अधिक समय से चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। डॉ. सिवाच ने गत दिवस में गांव मोहम्मदपुर रोही, में एक निर्धन परिवार की बेटी के विवाह में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उन्हें रसोई के बर्तन तथा अन्य दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट कीं। उनका उद्देश्य यह था कि विवाह के बाद नए जीवन की शुरुआत में उन्हें किसी भी तरह की मूलभूत आवश्यकताओं की कमी न हो। यह सेवा कार्य कोई नई पहल नहीं है, बल्कि डॉ. वीरेंद्र सिवाच की वर्षों पुरानी सामाजिक सोच का हिस्सा है। पिछले 30 से अधिक वर्षों में वे 400 से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता कर चुके हैं। चाहे बर्तन हो, पलंग हो, सोफा सेट, अलमारी या अन्य घरेलू सामान, उन्होंने हर संभव रूप से ऐसे परिवारों का सहयोग किया है जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। वे मानते हैं कि बेटियों का विवाह केवल एक पारिवारिक उत्सव नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच का यह समर्पण समाज के लिए एक प्रेरणा है। उनका मानना है कि अगर हर सक्षम व्यक्ति एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में योगदान दे, तो समाज में कोई भी बेटी बिना सम्मान और सुविधा के विदा नहीं होगी।

# जलभराव व बाढ़ की समस्या के निदान के लिए टोल फ्री नंबर और नियंत्रण कक्ष स्थापित, नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जलभराव व बाढ़ की किसी भी समस्या के निदान के लिए टोल फ्री नंबर तथा बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके अलावा विभाग ने नोडल अधिकारी व वैकल्पिक नोडल अधिकारी के मोबाइल नंबर भी जारी किए है, जिस पर नागरिक जलभराव व बाढ़ की समस्या की जानकारी दे सकते हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता करणवीर सिंह ने बताया कि जिला के नागरिकों को फतेहाबाद में जहां कही भी किसी को जलभराव व बाढ़ से संबंधित कोई भी समस्या होती है तो वे विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 तथा कार्यालय द्वारा स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 01667-220224 पर समस्या किसी भी समय दर्ज करवाई जा सकती है ताकि उसका समाधान समयबद्ध तरीके से करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त इस कार्यालय के अधीनस्थ कार्यरत उपमंडल अभियंताओं को भी मोबाइल नंबर पर जलभराव व बाढ़ से संबंधित शिकायत करवाई जा सकती है।

# भूना शहर में 2.34 करोड़ से बनेगीं 30 इंटरलॉकिंग सड़कें

**भूना।** भूना नगर पालिका ने सोमवार को शहर में 2.34 करोड़ की लागत से इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित किए। टेंडर जल्द ही खोले जाएंगे। इसके बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी,पार्षद सुशील सोनी,राहुल दहिया व पार्षद प्रतिनिधि बलजीत सोनी आदि ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 10, 11, 12, 13, 14 और 15 में करीब 30 नई इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। यह काम शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बागड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्यों में किसी तरह का पक्षपात नहीं होता। हर वार्ड को बराबर प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले विकास कार्यों में भेदभाव होता था। राजनीतिक फायदे को तरजीह दी जाती थी। इससे आम लोगों की समस्याएं अनदेखी रह जाती थीं।

## जगह-जगह से टूटी आरसीसी चैनल, पानी बह रहा है व्यर्थ

# नसीहत देने वाला विभाग ही जिम्मेदारियों को भूला

- लघर के वाटर टैंक में पानी पूरा नहीं पहुंच पाता
- कई बार अधिकारियों का कराया अवगत, नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

जल है तो कल है। जल के बिना जीवन संभव नहीं, जल बचाओ जीवन पाओ, ऐसे स्लोगन के माध्यम से जल संरक्षण की नसीहत देने वाला जन स्वास्थ्य विभाग खुद ही इसकी जिम्मेदारी भूलता नजर आ रहा है। ऐसा ही मामला चोपटा खंड के गांव राजपुरा साहनी में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2008 में जलघर का निर्माण कार्य करवाया गया था, लेकिन समय के अनुसार जनस्वास्थ्य विभाग की आरसीसी चैनल जगह-जगह टूटी-फूटी होने के कारण पानी व्यर्थ बह रहा हैं और जलघर के वाटर टैंक में पानी पूरा नहीं पहुंच पाता। ग्रामीण भीम सिंह, रविन्द्र ने बताया कि इस बारे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, परंतु पानी की बर्बादी को रोकने के लिए विभाग की ओर से कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। पानी की कमी के कारण लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि विभाग पानी को बर्बाद कर रहा है।



**सिरसा।** आरसीसी पाइप से बर्बाद होता पानी। *फोटो : हरिभूमि*

### मनोहर सरकार में 18 लाख मंजूर मरम्मत कार्य संदेह के घेरे में

मनोहर सरकार के दूसरे कार्यकाल में जलघर की मरम्मत के लिए हरियाणा सरकार ने लगभग 18 लाख रुपये मंजूर किए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मरम्मत कार्य में ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से खानापूर्ति की गई। यह तो जांच का विषय हैं कि अगर मरम्मत के लिए जारी बजट को कहां खर्च करके कागजों में ही दर्शाया गया, लेकिन इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा हैं।

### खराब पानी की व्यवस्था

जलघर में पानी की आपूर्ति के लिए मात्र एक टैंक बनाया गया हैं जिससे गांव के साथ-साथ गांव की ढाणियों व गुसाईयाना की ढाणियों में पानी की सप्लाई दी जाता हैं, टैक की सफाई समय पर ना होने के कारण टैंक में गाद जमा हो रही हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जलघर की सफाई की जिम्मेदारी सरकार द्वारा ग्राम पंचायतो को सौंपी गई हैं। ग्राम पंचायत मनरेगा स्कीम द्वारा समय अनुसार सफाई करवा सकती हैं। अधिकारियों का मानना हैं कि आरसीसी चैनल की दोष दायित्व अवधि 15 वर्ष हैं।

रोहतक, मंगलवार
3 जून 2025

हरिभूमि
# सहेली



विशेषः विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

आज पर्यावरणीय प्रदूषण के जो कारण हैं, इनमें प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी शामिल है। विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसीलिए इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है, ताकि लोग जागरूक हों और हरियाली फैलाने के साथ प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

## प्लास्टिक से मिले मुक्ति
## हरा-भरा हो हमारा पर्यावरण

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बीते कुछ वर्षों में चमक-दमक और सहजता के नाम पर बहुत कुछ हमारी जीवनशैली से जुड़ गया है। प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने हर तरह के प्रोडक्ट्स इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं। सुविधा और सजावटी सामान बन जिंदगी का हिस्सा बना प्लास्टिक अब पूरे पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। प्लास्टिक के कण यानी माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी, जल और हवा के पॉल्यूशन का अहम कारण बन गया है। यह इंसानी सेहत के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। यही वजह है कि नदी, तालाब से लेकर धरती की गोद और समुद्र तक को कचरे से पाट रहे प्लास्टिक से दूरी बनाना जरूरी है। सरकारी प्रयासों के साथ ही हर परिवार को प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कमी लाने की राह पकड़नी होगी। साल 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर ही फोकस्ड है। 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम जीवन के हर हिस्से में जगह बना चुके प्लास्टिक से मुक्ति पाने का संदेश लिए है।



**स्त्रियों का रोल अहमः** रोजमर्रा की एक्टिविटीज में प्लास्टिक से दूरी बनाने में महिलाओं की भूमिका बहुत अहम हो सकती है। डोमेस्टिक फ्रंट पर न सिर्फ प्लास्टिक की चीजों का विकल्प ढूंढ़ने में बल्कि इस्तेमाल में लाने का काम भी महिलाएं बखूबी कर सकती हैं। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ी मुहिम भी प्लास्टिक यूज घटाने और प्लास्टिक के रीयूज-रिसाइकिल को लेकर पब्लिक को अवेयर करने का ही उद्देश्य लिए है। घर-परिवार में प्लास्टिक का यूज कम करने से लेकर रिसाइकिल तक के लिए जागरूक होकर स्त्रियां पर्यावरण की पहरेदार बन सकती हैं। खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट्स से दूरी बनाने का कदम बहुत अहम है। यह प्रकृति ही नहीं, परिजनों की सेहत सहेजने के लिए भी जरूरी है। बीते कुछ बरसों में मिट्टी के घड़े से लेकर बच्चों के लकड़ी से बने खिलौनों तक, बहुत कुछ हमसे छूट गया है। प्लास्टिक से बनी चीजों ने जीवन में डेरा जमा लिया है। जबकि बहुत से प्रोडक्ट्स के जरिए आपके अपनों के शरीर में भी प्लास्टिक पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बन रहे हैं। इसीलिए डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें। बच्चों के टिफिन, खिलौने और दूसरे सामान भी लकड़ी, मेटल या मिट्टी के बने खरीदना ही उचित है। घर के कचरे में प्लास्टिक को अलग निकालकर प्लास्टिक रिसाइकिलिंग में मददगार बनने की भी सोचें।

**आयोजनों में दिखाएं समझदारीः** बच्चों की बर्थ-डे पार्टी हो या शादी-ब्याह का पारिवारिक आयोजन, नकली साज-सज्जा वाली चीजों से दूरी बनाएं। सजावट के परंपरागत तौर-तरीकों से परे ऐसे अधिकतर डेकोरेटिव सामान प्लास्टिक से ही बने होते हैं। तकलीफदेह बात यह भी है कि इन प्रोडक्ट्स को रीयूज भी नहीं किया जा सकता। ट्रेडिशनल रंग-ढंग अपनाकर महिलाएं संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए प्रकृति के संरक्षण का काम कर सकती हैं। उत्सवीय आयोजनों से जुड़े बदलाव के फ्रंट पर आपका सहज सा कदम एक प्रभावी शुरुआत साबित हो सकता है। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों साल का समय लगता है। कुछ पल की दिखावटी-बनावटी खुशियों के लिए इससे धरती के आंगन को ना पाटें। सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में जड़ों की ओर वापसी करने की राह पकड़ते हुए पत्तल, दोने और कुल्हड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। बुनियादी जीवनशैली से जुड़ीं छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से प्लास्टिक से दूरी बनाना सहज ही संभव होगा। साथ ही घर में उपलब्ध रिसोर्सेज का सही इस्तेमाल करने के लिए दादी-नानी की सीख का साथ लें। संसाधनों को किफायत से इस्तेमाल करना भी पर्यावरण सहेजने से ही जुड़ा है। आम दिन हों या उत्सवीय मौसम, घर की महिलाएं मितव्ययिता की धुरी बन सकती हैं।

**बचाएं प्रकृति के रंगः** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ कई मोर्चों पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक से दूरी बनाने के साथ ही प्रकृति के रंग बचाए रखने के प्रयास भी जरूरी हैं। अपने परिवेश में हरियाली को पोसना जरूरी है। सब कुछ सहेजने वाली स्त्रियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए ही नहीं, बचाने के लिए भी अवेयर होना होगा। हर मौसम में ही प्रदूषण के गुबार से ढंके रहने वाले



परिवेश में घर का छोटा-सा आंगन हो या आस-पड़ोस का कोई गार्डन, हरियाली को बचाए रखने के जतन जरूरी हैं। साथ ही स्वच्छता को लेकर सजग रहना भी आवश्यक है। साझी थाती कही जाने वाली प्रकृति की गोद में अब हवा-पानी हो या मिट्टी, सब कुछ तेजी से पॉल्यूट हो रहा है। चिंतनीय है कि माउंट एवरेस्ट तक पहुंच चुका प्लास्टिक, क्लाइमेट चेंज का भी बड़ा कारण है। ऐसे में प्रकृति संरक्षण के मोर्चे पर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेनी ही होगी, पर्यावरण हरा-भरा बनाना होगा। कहना गलत नहीं होगा कि समाज-परिवार की धुरी कही जाने वाली स्त्रियां इस जिम्मेदारी के निर्वहन की सबसे अहम कड़ी बन सकती हैं। ❁

### साथी बने थैला

**प्लास्टिक फ्री** जीवन के लिए थैला सबसे अच्छा साथी है। सामान लाने के लिए खुद घर से निकलें या किसी दूसरे सदस्य को भेजें, कपड़े के थैले को साथी जरूर बनाएं। असल में गली-मोहल्ले में सब्जी-भाजी खरीदने की बात हो या मॉल से शॉपिंग करने की, सिंगल यूज प्लास्टिक का एक ढेर हमारे साथ आता है। हर दिन शॉपिंग में साथ आने वाली प्लास्टिक की थैलियां नालियों को जाम कर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। यहां-वहां पड़ी प्लास्टिक थैलियों को खा लेना कितने ही जीव-जंतुओं का गला घोंटता है। बेवजह सामानों में लिपट कर साथ आने वाला प्लास्टिक पार्कों, सड़कों और समुद्र तटों को गंदा करता है। इस मोर्चे पर सजग होना आवश्यक है। महिलाएं प्लास्टिक का सीमित इस्तेमाल कर पर्यावरण के बचाव में अपनी भागीदारी निभा सकती हैं। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने और पॉलिथिन यूज कम करने के लिए घर से थैला लेकर निकलना बहुत ही सहज पर प्रभावी पहल है। आम-सी बातों पर ध्यान देकर घर के अधिकतर काम-काज संभालने वाली महिलाएं पर्यावरण को पॉलिथीन फ्री बनाने में बड़ा रोल निभा सकती हैं। बाजार जाते समय थैला साथ रखना प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए बहुत आम पर खास कदम है।

## बच्चों को बनाएं पर्यावरण प्रेमी

स्वयं ही नहीं, अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। बचपन से हम उन्हें अपने पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसकी स्वच्छता का महत्व बताएं। बच्चों को यह भी बताएं कि वे पर्यावरण कैसे संरक्षित कर सकते हैं?

बच्चे और आप
**सरस्वती रमेश**



आज जिस तरह विश्व में पर्यावरण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है, उसके प्रति हर किसी का जागरूक होना जरूरी है, ताकि सभी पर्यावरण संरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत रहें, अपनी जिम्मेदारी समझें। लेकिन जब हम इस संदर्भ में बच्चों की बात करते हैं तो यही पाते हैं कि आज के अधिकांश बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टैब, लैपटॉप और इंटरनेट की दुनिया में उलझे रहते हैं, इससे बाहर निकलना ही नहीं चाहते। दूसरे पढ़ाई के प्रेशर और इस तकनीकी युग ने माहौल ऐसा बना दिया है कि हमारे बच्चे पर्यावरण से कटे हुए हैं। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से जिस तरह दुनिया जूझ रही है, बच्चों का भी पर्यावरण को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। अगर पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं के प्रति हमारे बच्चे जागरूक नहीं हुए तो वे भविष्य में इस धरती के पर्यावरण को कैसे बचाएंगे? ऐसे में पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें। यह कैसे संभव है, आप जानें-

**पर्यावरण संरक्षण का मतलब बताएंः** प्रायः हम अपने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य सिर्फ पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना बताते हैं। जबकि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। धरती पर उपस्थित सभी तरह के जीव-जंतु, नदियां, पहाड़, समुद्र, हवा, पानी, धूप, मिट्टी सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसलिए हमें पृथ्वी की हर चीज को संरक्षित करना होगा। इस पृथ्वी को सभी प्राणियों के लिए जीने योग्य बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण का असल मतलब है। यह बात बच्चों को भी समझानी चाहिए।

**प्रकृति के साथ तालमेल करना सिखाएंः** सर्वप्रथम तो हम अपने बच्चों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीना सिखाएं। मतलब ऐसे काम करने से मना करें, जिससे प्रकृति और इसके पर्यावरण को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचता है। सिंगल यूज प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है, इसलिए प्लास्टिक पन्नी में फल, सब्जी और राशन न लें। इसके बजाय घर से अपना बैग और कंटेनर लेकर जाएं। आपको ऐसा करता देखकर आपका बच्चा भी पर्यावरण से प्रेम करना सीखेगा। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग रखने की आदत अपने बच्चों में बचपन से ही डालें। इसके लिए घर में दो डस्टबिन रखें। रिसाइकिल होने वाले कचरे को सड़ने-गलने वाले कचरे के साथ मिलाकर न रखें। किचन वेस्ट से अपने बगीचे में या बालकनी में कंपोस्ट खाद बनाएं। यह बेहद आसान है। इसे बनाने से आपके घर से निकलने वाला गीला कचरा कम होगा और आपके घर में लगे पौधों को मुफ्त में खाद भी मिलेगी। इस काम में बच्चों से भी सहयोग लें ताकि वे शुरू से ही वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखें।

**हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब वे किसी बदलाव का हिस्सा बनते हैं तो उसका प्रभाव जल्द दिखाई देता है। और फिर पर्यावरण संरक्षण किसी अकेले व्यक्ति के वश की बात नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें बच्चों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने स्तर पर अपने आस-पास को साफ-सुथरा, हरा-भरा रखने की कोशिश करें, तभी हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा। ❁

### संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना बताएं

**गर्मियों में** लोग एसी का इस्तेमाल खूब करते हैं। अपने बच्चों को एसी का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित करें। इसके बजाय यदि कूलर से काम चल सकता है तो उसे चलाने के लिए कहें। बच्चों को समझाएं कि एसी से निकलने वाली हीट से बाहर का वातावरण गर्म होता है, जिससे पक्षी, कीट-पतंगे, जानवरों को सर्वाइव करने में मुश्किल आती है। साथ ही बिजली की ज्यादा खपत होती है। इसी तरह सर्दियों में रूम को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत ज्यादा होती है, जबकि हम सब जानते हैं कि बिजली पैदा करने के लिए बहुत सारे संसाधनों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह अपने बच्चों को कपड़े, जूते, कागज, बैग आदि चीजों का इस्तेमाल तब तक करने को कहें, जब तक कि वे पूरी तरह अनुपयोगी न हो जाएं। जिससे नए सामान खरीदने की जरूरत कम पड़े और पृथ्वी के संसाधनों को बचाया जा सके।

उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप अपने आपको अकेला महसूस कर सकती हैं, लाइफ बोरिंग लग सकती है। ऐसी नेगेटिव सोच से उबरिए, इसके लिए कुछ नया करिए।

## कहीं आपको अपनी लाइफ
## बोरिंग तो नहीं लग रही है

लाइफस्टाइल
**रेखा शाह आरबी**

आजकल पहले के जैसे संयुक्त परिवार नहीं रहे, जिसमें दिन भर हंसी-मजाक, ठहाके गूंजते रहते थे। दिन कब पूरे परिवार के साथ हंसते-हंसते बीत जाता, पता ही नहीं चलता था। ये सब अब बीते जमाने की बातें हो गई हैं। अब एकल परिवार का जमाना है। अधिकांश परिवारों में पति-पत्नी और बच्चे, यही पूरा परिवार माना जाता है। कुछ वर्षों के बाद बच्चे भी बाहर दूसरे शहरों में पढ़ने या जॉब के लिए चले जाते हैं, तब महिलाएं घर में बिल्कुल अकेली रह जाती हैं। क्योंकि पति तो पहले ही अपने जॉब या बिजनेस के काम के लिए दिन भर घर से बाहर रहते हैं। जो महिलाएं काम-काजी नहीं हैं, घरेलू हैं, उन्हें अकेलेपन का अहसास बहुत ही शिद्दत से होता है। ऐसे में एक बड़ी समस्या रहती है कि अपना टाइम कैसे पास किया जाए? अकेलेपन से कैसे पार पाएं? लाइफ बहुत बोरिंग लगती है। कुछ महिलाएं तो किसी मानसिक बीमारी की शिकार भी हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है, जीवन में कुछ ऐसा करते रहना चाहिए कि जिंदगी खूबसूरत लगे।



**बाहरी नहीं, आंतरिक देखभाल की जरूरतः** जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए, अपने व्यक्तित्व को निखारने-संवारने के लिए सिर्फ बाहरी ही नहीं, आंतरिक देखभाल की भी जरूरत होती है। इसके लिए कुछ प्रयास करने पड़ते हैं। अपने भीतर नई ऊर्जा भरने के लिए जरूरी है, हम अपने रूटीन से हटकर कुछ नई एक्टिविटीज से जुड़ें, ताकि जिंदगी बोरिंग न लगे। कहने का यह मतलब है कि जब भी आपको ऐसा लगे कि जीवन एक ही ढर्रे पर चल रहा है, लाइफ बोरिंग हो गई है तो अपने भीतर नई उमंग जगाने के लिए अपनी रुचि के अनुसार अपने जीवन में कुछ बदलाव लाएं। इस दिशा में एक्टिव हों।



**किताबों से करें दोस्तीः** उम्र कोई भी हो, जब किसी व्यक्ति को उसकी रुचि के अनुसार कोई किताब मिल जाती है तो वह उसमें डूब जाता है। हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें होती हैं। किताबों का साथ हमेशा ही हमारे व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। किताबें हमारे एकांत की अच्छी साथी बन जाती हैं, बोरियत दूर करती है, व्यक्ति को जीवंत बनाती हैं। साथ ही किताबें एक बौद्धिक संतुष्टि भी देती हैं।

**समाज सेवाः** खाली समय में समाज सेवा करना, समय का सबसे अच्छा सदुपयोग है। अपने आस-पास किसी समाजसेवी संस्था को अपना सहयोग दीजिए, इससे आपका मन प्रफुल्लित होगा। किसी की निस्वार्थ सहायता करना, मन को एक अलग तरह की अनुभूति देता है, एक सुकून मिलता है। इससे भी एक बहुत अच्छा काम है, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाना। बच्चों के साथ कब आपका समय क्वालिटी टाइम में बदल जाएगा, आपको पता भी नहीं चलेगा। इससे आपको मानसिक संतुष्टि तो मिलेगी ही, साथ ही छोटे-छोटे बच्चों की मासूमियत, शरारत आपको नई ऊर्जा से भर देगी।

**बागवानी कीजिएः** यदि आपके घर में जगह है तो आप गार्डनिंग करें। तरह-तरह के फूलों वाले पौधे लगाकर आपको एक अलग ही ऊर्जा और ताजगी मिलेगी। गार्डनिंग करके आप अपने आपको व्यस्त और स्वस्थ रख सकती हैं।

**खुद को दें नया लुकः** आप अपने आप को नया लुक देकर भी एक खुशी हासिल कर सकती हैं। इसके लिए आप पार्लर की मदद ले सकती हैं। अपना मेकओवर देखकर सिर्फ आपको ही नहीं, आपके चाहने वालों को भी खुशी होगी। यह खुशी आपको ऊर्जावान बनाएगी। इससे आप नया करने को प्रेरित होंगी। ❁

## समर सीजन में बनाएं यूनिक हेयर स्टाइल

ट्रेंड
**सरिता गुप्ता**

गर्मी के मौसम में सही ड्रेसअप सेलेक्ट करने के साथ ही मैचिंग और कंफर्टेबल हेयर स्टाइल चूज करना थोड़ा टफ होता है। ऐसे में आप यहां पर बताए जा रहे कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

**हाफ हेयर बन स्टाइलः** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल हैं या ऑफिस जाती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए पहले बालों को ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसे रबड़ बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं, फिर उस पर फंकी रबड़ बैंड ऊपर से लगा लें।



**साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल :** समर पार्टी में जाने के लिए आप साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन के लिए यह एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को गाउन या शॉर्ट ड्रेस के साथ पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड से टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल बनने के बाद बहुत अच्छा लगता है।



**रबड़ बैंड ट्विस्ट ब्रेड स्टाइलः** आप रबड़ बैंड से एक यूनिक हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको काफी सारी रबड़ बैंड्स की जरूरत होगी। सबसे पहले नॉर्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रबड़ बैंड लगाएं और बालों को बीच से लूज करती जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। टॉप के साथ स्कर्ट या जींस कैरी करने पर ऐसी हेयर स्टाइल कूल लुक देती है।

**हेड बैंड और स्कार्फः** गर्मियों में जब बाल चेहरे पर आते हैं तो बहुत चुभने लगते हैं और इरिटेट भी करते हैं। ऐसे में आप हेड बैंड और स्कार्फ का भी यूज कर सकती हैं। एक ऐसे स्टाइलिश हेड बैंड का यूज करें, जो बालों को चेहरे से दूर रखे और स्टाइलिश लुक दे। इसके अलावा स्कार्फ का यूज बालों को बांधने या सजाने के लिए भी आप कर सकती हैं।



**तरह-तरह के बनः** आप कई तरह के हेयर बन बनाकर बालों को स्टाइल दे सकती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें टॉप नॉट, मेस्सी बन, हाई बन और लो बन शामिल हैं। यह कैजुअल और फॉर्मल दोनों अवसरों के लिए सही होता है। ❁

**(हेयर स्टाइलिस्ट मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

बढ़ती उम्र में और खासतौर पर मेनोपॉज के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का पूरा ध्यान रखें। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशन।

## बोंस को बनाएं स्ट्रॉन्ग
## नहीं होगा ऑस्टियोपोरोसिस

मेडिकल सजेशन
**डॉ. विनय अग्रवाल**
ऑर्थोपेडिक सर्जन-स्पोर्ट्स इंजरी
कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा

ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की एक ऐसी बीमारी है, जो खासतौर से महिलाओं में होती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**रोग के कारणः** पीरियड्स बंद होने के बाद यानी मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इस बीमारी के होने का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है तो यह रोग हो सकता है। इससे बोंस में फ्रेक्चर होने की आशंका बढ़ जाती है।

**बरतें सावधानीः** मेनोपॉज यानी पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस दौरान मसल्स और बोंस कमजोर हो जाती हैं और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए इसे लेकर लापरवाही न बरतें। जब पीरियड्स बंद हो जाएं तो कैल्शियम और विटामिन डी का स्तर कम हो जाता है और हार्मोन का प्रवाह भी कम हो जाता है। इसलिए रोज समय निकालकर धूप में कुछ देर जरूर बैठें, जिससे आपके शरीर में जरूरी विटामिन डी बनेगा। थायरॉयड प्रॉब्लम से भी इस रोग के होने का रिस्क बढ़ता है, इसलिए अगर मां या पिता में किसी को थायरॉइड की प्रॉब्लम है तो आपको थायरॉइड होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए अपने थायरॉइड का नियमित रूप से चेकअप कराती रहें।



**नियमित एक्सरसाइजः** ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे मसल्स और मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल का स्तर बढ़ता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करना बोंस हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न केवल ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होगा, बल्कि अगर यह हो भी गया हो तो उसमें राहत के लिए भी एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके लिए ट्रेडमिल पर वॉकिंग, जंपिंग, स्किपिंग, लोडिंग और क्रॉस ट्रेनिंग आदि कर सकती हैं।

**रहें एक्टिवः** महिलाओं को शुरू से ही अपनी लाइफस्टाइल को लेकर बहुत ही सजग रहना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से अच्छी डाइट और एक्सरसाइज को अपनाना चाहिए, क्योंकि इनके जरिए ही आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को दूर रख सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा रोल होता है।

**वजन को नियंत्रित रखेंः** महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए बहुत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारा वजन नियंत्रित नहीं रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां हो सकती हैं। ❁



### लें हेल्दी डाइट

**हेल्दी बोंस** के लिए रेग्युलर बैलेंस डाइट लेना बेहद जरूरी होता है। आपकी डाइट में ज्वार, बाजरा, कोदो, गेंहू और रागी जरूर होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे बोंस के लिए बहुत ही अच्छा होता है। सब्जियों में खासतौर से सीताफल खाना फायदेमंद है। ड्राय फ्रूट्स में पिस्ता, बादाम जरूर खाएं क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में रहता है। इसके अलावा दूध पीना भी सेहत के लिए अच्छा रहता है। जहां तक हो सके फ्राइड फूड्स से परहेज करना चाहिए। आलू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। इसलिए हड्डियों की बनावट और मजबूती देने में इसका रोल अधिक नहीं होता है।

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

## खबर संक्षेप

### दुकान से हजारों की कॉपर वायर चोरी

**रानिया।** क्षेत्र के गांव अभोली में एक दुकान के ताले तोडक़र चोर हजारों रुपए की कॉपर वायर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में बलकार सिंह ने बताया कि वह अभोली में मोटर वाइडिंग की दुकान करता है। उसने बताया कि बीती 1 जून की रात्रि को वह दुकान मंगल कर घर चला गया। देर रात्रि को चोरों ने दुकान के ताले तोडक़र दुकान में पड़ी 20 से 30 किलो कॉपर वायर चोरी कर ली। सुबह जब वह दुकान पर गया तो घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन वायर का कोई सुराग नहीं लगा।

### ढाणी से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** गांव मीरपुर के रकबा में बनी ढाणी से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। शहर के बांसल कॉलोनी निवासी प्रेम कुमार सिंगला ने बताया कि जीटी रोड, नजदीक मीरपुर के रकबा में उसने ढाणी बनाई हुई है। 31 मई की सांय को वह ढाणी के कमरों को ताला लगाकर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने ढाणी में बने कमरों का ताला तोडक़र करीब एक क्विंटल सरिया, 2 प्लेटें शटरिंग वाली, पानी की मोटर, चार एकड़ लंबी तारें चोरी कर ले गए। सुबह जब वह ढाणी में गया तो उसे घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।

### इंडस कंपनी के टावर से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव फरवाई कलां में इंडस कंपनी के टावर से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में इंद्रदेव ने बताया कि वह कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि बीती 31 मई की रात्रि को चोर टावर से बीटीएस आईडिया के 6 हार्डवेयर चोरी कर ले गए। सुबह उसे टैक्नीशियन आजाद जईया फोन कर बताया कि गांव फरवाई कलां टावर से बीटीएस आईडिया के 6 हार्डवेयर चोरी हो गए हैं। उसने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि मैन गेट का ताला तोड़ कर चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

### एमए कक्षाओं को मंजूरी से खुशी की लहर

**टोहाना।** श्री दुर्गा महिला महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से हिंदी, इंग्लिश, पंजाबी व भूगोल विषयों में एम ए कक्षाओं को शुरू करने की मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद से क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। संस्था के प्रधान अजय कुमार जैन ने बताया कि संस्था के सामूहिक प्रयासों से टोहाना क्षेत्र की कन्याएं अब यहीं पर ही स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर सकेगी। छात्राओं को अब मास्टर क्लासेस के लिए अपने घर से दूर नहीं रहना पड़ेगा। प्राचार्य डॉ रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा एनओसी प्राप्त होते ही एडमिशन शेड्यूल भी शीघ्र जारी कर दिए जाएगा। प्रधान अजय कुमार जैन, टेकचंद मोदी, रजनीश जैन, नवनीत शर्मा ने स्टॉफ सदस्यों व कन्याओं को बधाई देते हुए कहा कि कन्याओं का पहला स्नातकोत्तर कॉलेज का होना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## गुरुकुल वेद मंदिर में भारत विकास परिषद का बाल संस्कार शिविर शुरू

# शिविरों के माध्यम से ही बच्चों में भारतीयता की भावना होती विकसित : संगीता बिश्नोई

- बच्चों के लिए योग, खेलकूद और स्विमिंग पूल की सुविधाएं भी करवाई उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। भाविप के बाल संस्कार शिविर में बच्चों साथ लंगर प्रसाद ग्रहण करती डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद की फतेहाबाद शाखा द्वारा शुरू किए गए बाल संस्कार शिविर के प्रति बच्चों का उत्साह जबरदस्त रहा। हिसार रोड स्थित गुरुकुल वेद मताना में बाल संस्कार शिविर में ढाई सौ के करीब बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और विभिन्न गतिविधियों में अपनी सहभागिता की। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित इस बाल संस्कार शिविर के शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने किया जबकि अध्यक्षता भाविप के प्रांतीय महासचिव दीपक शर्मा ने की। इस मौके पर भाविप के प्रांतीय संगठन सचिव रविंद्र मेहता, जिला समन्वयक साहिल चिलाना, बाल वाटिका स्कूल के निदेशक राजन महतानी, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संयोजक संस्कार केके अरोड़ा व प्रांतीय संरक्षक सीपी आहुजा व शाखा अध्यक्ष केबी गोदारा भी मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई को भाविप के बाल संस्कार शिविर का वातावरण इतना अच्छा लगा कि उन्होंने ना केवल पूरे शिविर स्थल का निरीक्षण किया बल्कि शुभारंभ कार्यक्रम के बाद बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर ही लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

बाल संस्कार शिविर में बच्चों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि ऐसे विशेष शिविरों के माध्यम से ही बच्चों में भारतीयता की भावना विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिन के इस शिविर में बच्चे बिना किसी इलैक्ट्रिक गैजेट के रहेंगे, ये अपने आप में एक सराहनीय कदम है। शिविर की प्रकल्प प्रमुख सोनिया अरोड़ा ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को विकासित करना है। छोटी उम्र में ही बच्चों को इस प्रकार के विशेष शिविरों के माध्यम से ही देशभक्ति की भावनाओं को पनपाया जा सकता है। सोनिया अरोड़ा ने बताया कि इस शिविर में बच्चों को तीन समय का खाना, शाम को अल्पाहार के साथ साथ स्विमिंग पूल की सुविधा भी दी जा रही है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के तकरीबन आधा दर्जन कोच बच्चों को विभिन्न खेलों में पारंगत करने में जुटे हुए हैं। योग कक्षा जिले की प्रसिद्ध योग साधिका अंबिका पांटा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भाविप की महिला सहभागिता टीम लवलीन सरदाना के साथ मिलकर इन-हाल एक्टिविटीज जैसे वन मिनट गेम, पोस्टर मेकिंग, सेल्फ इंट्रोडक्शन आदि भी करवा रही हैं।

### ये रहे मौजूद

इस शिविर में विजय जग्गा, राकेश मखीजा, सुरेंद्र शर्मा, उमेश गुप्ता, लवलीन सरदाना, योगेश मेहता एडवोकेट, दीपक प्रजापति, अमित रूखाया, सतीश चौधरी, भीम नारंग, साहिल रहेजा सहित भारत विकास परिषद के अनेक सदस्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। अधिकारी से मिलने से पूर्व बैठक करते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

## प्रशिक्षण शिविर एवं समर कैंप के बदले अध्यापकों को अर्जित अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- डीईईओ फतेहाबाद से मिला अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर एवं विद्यालयों में लगाए जा रहे समर कैंप के दिनों के बदले हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शिक्षकों को प्रतिपूरक/अर्जित अवकाश प्रदान करने की मांग की है। इसको लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल के नेतृत्व में डीईईओ फतेहाबाद से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में संघ के जिला वरिष्ठ उपप्रधान डॉ नीतू डुडेजा, खंड प्रधान हरपाल हुड्डा, सचिव मुरारी लाल, भट्टू प्रधान सतपाल ढाका, भूना प्रधान दलबीर सिंह भी शामिल रहे। इसके अलावा अध्यापकों के एसीपी, मेडिकल बिल एंव सन 2011व 2017 में लगे जेबीटी अध्यापकों को कन्फर्म करने बारे भी विस्तार से चर्चा की। अध्यापक नेताओं ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 8 जून तक समर कैंप तथा प्राथमिक शिक्षकों हेतु 5-5 दिन के सेवा-कालीन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षक सदैव कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों के साथ अधिकतम समय व्यतीत करने के पक्षधर रहे हैं, परंतु शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ लादा जा रहा है, जिसके कारण वे शैक्षणिक कार्यों से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक भी समाज, परिवार और व्यक्तिगत दायित्वों से बंधे होते हैं जिसके लिए उन्हें उचित अवकाश की आवश्यकता होती है। शिक्षक नवाचार, प्रशिक्षण एवं सुधार प्रक्रिया का विरोध नहीं कर रहे, उनकी केवल यही मांग है कि प्रशिक्षण यदि अवकाश में आयोजित किया जाता है, तो उसे तभी न्यायोचित माना जा सकता है जब उसका मुआवजा प्रतिपूरक अवकाश या अर्जित अवकाश के रूप में दिया जाए।

# यदुवंशी स्कूल के 15 छात्रों ने जेईई एडवांस में रचा इतिहास

- जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी के छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा-2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में स्कूल के कई छात्रों ने उच्च रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। पूरे भारत में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय के छात्र मनीष पुत्र रामकिशन ने अपनी कैटेगरी में 300 रैंक हासिल की। सफलता प्राप्त विद्यार्थियों में भावेश पुत्र ओमप्रकाश 1103, दिव्य यादव पुत्र सुरेंद्र यादव 1172, योगेंद्र पुत्र संदीप कुमार 2859, दिया पुत्री देवेंद्र कुमार 5214, अंजलि पुत्री अरविंद 7807, अनुज पुत्र राजेश कुमार 8342, श्वेत पुत्र कश्मीर 9374, अनुज पुत्र अनुप 10274, अमन पुत्र राजेश कुमार 12835 के नाम विशेष रूप से शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के उचित मार्गदर्शन, अध्यापकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी की एक अनूठी शैक्षणिक पहल है। विद्यार्थी इंजीनियर बनकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे तथा देश सेवा करते हुए पूरे राष्ट्र को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रगण्य बनाएंगे। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जेईई एडवांस जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके धैर्य, समर्पण और अनुशासन की भी मिसाल है। यह सफलता सिर्फ एक शुरूआत है, आगे चलकर आप भारत और विश्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव ने सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## किसान से लूट मामले में दो लुटेरे गिरफ्तार एक लाख 17 हजार रुपये की राशि बरामद



**डबवाली।** पुलिस ने सिरसा जिला के डबवाली क्षेत्र में एक किसान के साथ हुई एक लाख 67 हजार रुपये की लूट की गुत्थी को सुलझाते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। एएनसी प्रभारी सूबे सिंह ने सोमवार को बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई राशि में से एक लाख 17 हजार बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लुटेरों की पहचान शमिंदर सिंह निवासी पंजाब व मनप्रीत सिंह निवासी सकताखेड़ा सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव डबवाली निवासी हाकम सिंह से बीती 29 मई को अज्ञात लुटेरों ने आंखों में मिर्ची पाउडर डाल कर एक लाख 67 हजार रुपये लूट लिए थे और उसके साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए थे। हाकम सिंह ने पुलिस को शिकायत में बताया कि कबीर बस्ती के पास रात को उसके ट्रैक्टर का स्पैडल टूल गया था। इसी दौरान तीन अज्ञात युवक आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने उसके साथ लूटपाट करते हुए नगदी, चेक, पासबुक व अन्य दस्तावेज छीन लिए और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। घायलावस्था में हाकम सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित हाकम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को डबवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

## न्यूज डायरी

### कीर्तिनगर वासियों ने उठाई गली के काम की जांच की मांग



**सिरसा।** शहर के कीर्तिनगर स्थित गली नंबर 4 में पिछले दो-ढाई माह से गली में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पेयजल पाइप लाइन डालने का कार्य अधर में लटकाने से गलीवासियों को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। गली निवासी एडवोकेट आशीष मेहता, मनू सेठी, मंजूबाला, जगदीश मेहता, चरणजीत नरूला, पवन बंसल, विक्की मेहता ने बताया कि करीब ढाई माह पूर्व कमेटी द्वारा इंटरलॉकिंग टाइलों से गली का निर्माण किया जा रहा था, जिसपर गली निवासियों ने नई पेयजल लाइन डालने की बात पर गली का निर्माण रूकवा दिया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से आधी गली में पाइप लाइन डाल दी गई, लेकिन आधी गली में पाइप लाइन न डालकर खुदाई कर छोड़ दी गई, जिसके कारण लोगों को गली से गुजरने में भी काफी परेशानी होने लगी। जब गलीवासियों ने विभाग के अधिकारियों से इस संबंधी पूछताछ की तो अधिकारियों ने पाइप लाइन न होने का रोना रोकर अपना पल्ला छुड़वा लिया, जबकि कागजों में पाइप लाइन पूरी दिखाई गई है। गली निवासियों के बार-बार कहने पर एक माह के बाद विभाग ने पाइप लाइन तो उपलब्ध करवा दी, लेकिन गली में डाली नहीं। इसके बाद गली निवासियों ने स्वयं के खर्च से पाइपलाइन डलवाने के लिए खुदाई करवाई और पलंबर का खर्च भी स्वयं ही वहन किया।

### राजकीय मॉडल स्कूल में कैंप का शुभारंभ

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बप्पां में सोमवार को भारतीय भाषाओं पर आधारित सदैव सी समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का विधिवत उद्घाटन प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने किया। शर्मा ने बहुभाषिकता के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कैंप के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन करना सिखाया गया, साथ ही वर्णमाला एवं 1 से 10 तक की गिनती भी बच्चों को विभिन्न भाषाओं में सिखाई गई। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में भाग लिया। इस कैंप के संचालन में नरेश कुमार ग्रोवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से न केवल भाषायी ज्ञान प्रदान किया, बल्कि उन्हें आत्म-प्रेरणा एवं शिक्षा के विविध पहलुओं से भी अवगत कराया। कैंप के आयोजन में प्रकाश सिंह, श्री प्रवीन कुमार, रचना मेहता, सरोज रानी, दलजीत सिंह ने भी सक्रिय योगदान दिया।

### जेसीडी के नौ छात्रों का बेंगलुरु की कंपनी में चयन

**सिरसा।** जेसीडी मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग के अंतिम वर्ष के नौ छात्रों का बेंगलुरु आधारित कंपनी क्यू स्पाइडर्स कंपनी में विभिन्न पदों पर चयन किया गया है। जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने संस्थान के प्राचार्य डॉ. वरिंद्र सिंह व कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उन्होंने संस्थान में अपने चार वर्षो के शैक्षणिक जीवन में बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया है ऐसा ही प्रदर्शन अपने कार्यस्थल पर भी रखें और संस्थान एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने छात्रों की इस कामयाबी के लिए संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. दिनेश कुमार के प्रयासों की सराहना की। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि संस्थान के कम्प्यूटर साइंस विभाग के नौ छात्रों का बेंगलुरु की क्यू-स्पाइडर्स कैंपस कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर डेवलपर एवं सॉफ्टवेयर टेस्टिंग इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। इस कंपनी ने तीन चरणों में छात्रों का आंकलन किया जिसमें एप्टीट्यूड टेस्ट ग्रुप, डिस्कशन एवं साक्षात्कार शामिल थे।

## प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने राजकीय महिला कॉलेज में संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर का एकमात्र राजकीय महिला महाविद्यालय होने के नाते मेरा मुख्य ध्येय इस महाविद्यालय को हर क्षेत्र में बुलंदियों तक पहुंचाना होगा ताकि इस महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाली छात्राएं जिंदगी के हर मुकाम तक पहुंचने व हर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामथ्र्य भी हासिल कर सकें। प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने कार्यभार संभालने के बाद कहा किमहाविद्यालय के विकास का पहिया निरंतर जारी रहेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि वे महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की हर समस्या का निदान प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि प्रो. रामकुमार जांगड़ा की सेवानिवृत्ति के बाद अब उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय की डॉ. सज्जन कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि डॉ. सज्जन कुमार नेशनल कालेज सिरसा के ज्योग्राफी के प्रोफेसर रहे है। वे पिछले 22 सालों से अपनी सेवाएं उपरोक्त कॉलेज में दे रहे थे। वे मूल रूप से हिसार उकलाना (सुरेवाला) से है। उच्चतर शिक्षा विभाग में उनकी नियुक्ति नवंबर 1997 में राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में व्याख्याता के पद पर हुई।

# स्वतंत्रता सेनानी की जयंती पर लगाई छबील, पौधे किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



जिला के खैरेकां गांव में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. नंदलाल अरोड़ा की 108वीं जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खैरेकां, खैरेकां क्लब, यूथ क्लब एसोसिएशन सिरसा, गरीब का मुख गुरू की गुल्लक मुहिम टीम सिरसा और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ठंडे मीठे पानी की छबील, मीठे तरबूज और निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला परिषद सिरसा के सीईओ सुभाष रुक्मण, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सुल्तान ढांडा, पंकज शर्मा और प्रदीप बुरा शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खैरेकां की सरपंच सुमन ठाकुर ने की। कार्यक्रम के दौरान, सभी अतिथियों और ग्रामवासियों ने स्व. नंदलाल अरोड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया और गर्मी के मौसम में राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। इस आयोजन ने ग्रामवासियों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया और समाज में सेवा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर गुरदीप सिंह, चंद्र कंबोज, नवजोत रंधावा, हरमीत गिल, संदीप बलजोत, रमेश शर्मा, मनोज बंटी, प्रिंस कंबोज, दीक्षित जसूजा, गुलशन मिरोक, संदीप गुच्छा, विजय मान आदि मौजूद रहे।

# जेईई एडवांस्ड में आरपीएस के ईशान ने पाई 59वीं आल इंडिया कैटेगरी रैंक

- अभिभावकों के अटूट विश्वास, शिक्षकों व बच्चों की कड़ी मेहनत के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में आरपीएस संस्था बनी सिरमोर : इंजी मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

देश की सबसे बड़ी आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के ईशान आफरिया ने आल इंडिया में 59वीं व दित्या गर्ग ने 70वीं कैटेगरी रैंक एवं हर्षि ने 221वीं आल इंडिया जनरल रैंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा में आरपीएस के 95 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाइ किया हैं। बच्चों के कठोर परिश्रम, विद्यालय प्रबंधन के उचित मार्ग दर्शन और स्टीक योजना से ही यह संभव हो पाया है। बच्चों की इस सफलता पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव एवं डीप्टी सीईओ कुनाल राव सहित समस्त आरपीएस स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि सोमवार को घोषित आईआईटी-जेईई एडवांस्ड के परीक्षा परिणाम में अपनी कैटगरी में ईशान ने आल इंडिया में 59वीं व दित्या गर्ग ने 70वीं कैटेगरी रैंक व हर्षि ने 221वीं आल इंडिया जनरल रैंक के साथ-साथ अनुज ने 256वीं रैंक, शुभम वर्मा ने 544वीं रैंक, प्रणव ने 573वीं रैंक, छवि ने 574वीं रैंक, यशिका 590वीं रैंक, ललित ने 591वीं रैंक, विवान राव ने 667वीं रैंक, सुमित पहल ने 937वीं रैंक, पीयूष यादव ने 1054वीं रैंक, रक्षित कुमार ने 1101वीं रैंक, कृष ने 1111वीं रैंक, कृष ने 1203वीं रैंक, कार्तिक ने 1498वीं रैंक, मनयु यादव ने 1537वीं रैंक, वंश यादव ने 1541वीं रैंक, कृष ने 1764वीं रैंक, सुजल ने 1850वीं रैंक, दिपांशु ने 2048वीं रैंक, श्वेत ने 2112वीं रैंक व आदि विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

## अभियान | बोसवाल में 11 सदस्यीय योद्धाओं की टीम का किया ऐलान

# नशे के खिलाफ महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का अभियान बना जनआंदोलन : भवानी

- पिछले 3 महीनो के दौरान ट्रस्ट के लोगों ने गांव-गांव जाकर युवाओं को नशे से दूर करने का किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव बोसवाल में टीम की घोषणा करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह।

जिले में नशे के खिलाफ महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया अभियान अब एक जन आंदोलन बनता जा रहा है। 'एक संकल्प नशे के खिलाफ' अभियान के तहत ट्रस्ट द्वारा अब गांव स्तर पर नशे के खिलाफ लड़ाई लडऩे वाले योद्धाओं की टीमों का गठन तेज कर दिया गया है। इसकी शुरूआत आज गांव बोसवाल से की गई है। बोसवाल में ट्रस्ट द्वारा 11 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रेरणा से ट्रस्ट द्वारा नशे के खिलाफ यह अभियान शुरू किया गया है।

पिछले 3 महीनो के दौरान ट्रस्ट के योद्धा गांव-गांव जाकर युवाओं को नशे से दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में पिछले दिनों रतिया रोड स्थित गुरूद्वारा झाड़ साहब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में अनेक गांवों से प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में निर्णय लिया गया था कि ट्रस्ट द्वारा जिले के बड़े गांवों में 21 सदस्यीय और छोटे गांवों में 11 सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। इसकी शुरूआत भवानी सिंह ने अपने गांव बोसवाल से की है। गांव में उनके द्वारा नशे के खिलाफ लड़ाई लडऩे वाले 11 योद्धाओं को कमेटी में शामिल किया है, इनमें अमरीक सिंह, अमरजीत सिंह, खजान सिंह, कपिल कुमार, डैनी कुमार, पवन कुमार, कपिल शर्मा, संजीव शाक्य, अंकुश शर्मा, प्रवीन कुमार और शमिल कुमार शामिल हैं।

## मोबाइल चुराने का आरोपी चंद घंटों में किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत टोहाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी की वारदात को महज कुछ घंटों में सुलझा लिया है। यह चोरी एक घर में आयोजित विवाह समारोह के दौरान हुई थी। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पहले से ही संगीन धाराओं के तहत सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद कुमार उर्फ बांदर पुत्र रामफल, निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध थाना शहर टोहाना में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। यह आरोपी बार-2 अपराध करने का आदी है।

**सूचना**

मैं, वीरेन्द्र सिंह पुत्र रूड सिंह निवासी ढिंगसरा तहसील व जिला फतेहाबाद हल्फिया बयान करता हूं कि मेरा लड़का धीरज सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### संदीप कुमार बने गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश महामंत्री

**फतेहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के भिरड़ाना मंडल अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी संदीप कुमार भोडियाखेड़ा को एक और महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ हरियाणा द्वारा उन्हें प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। इसको लेकर महापीठ के हरियाणा अध्यक्ष रामलाल आर्य ने उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया है। संदीप कुमार की नियुक्ति पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी है। श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल आर्य ने कहा कि महापीठ का उद्देश्य गुरू रविदास समाज के अनुयायियों को धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर विश्व स्तर पर संगठित कर मूल धर्म और उनकी विचारधारा से जोडऩा है।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सिरसा।** जिला के गांव जोधपुरिया के पुस्तकालय में महर्षि वेद व्यास शिक्षा न्यास ने सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्राध्यापक रमेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य मंजू कासनिया ने शिरकत की। गांव के सरकारी स्कूल की 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मुख्यअतिथि की ओर से प्रत्येक को विद्यार्थी को 1100 रुपए का नकद इनाम, न्यास की ओर से डाक्यूमेंट बैग व गौशाला कमेटी की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### मानवाधिकार आयोग टीम चार को भूना में

**भूना।** मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो 4 जून को भूना पहुंचेंगे। वह यहां अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रजापति समाज द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम मॉडल टाउन स्थित दक्ष प्रजापति धर्मशाला में होगा। प्रियंक कानूनगो दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। यहां वह वंचित वर्ग के लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। प्रियंक कानूनगो की शक्तियां सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज के बराबर होती हैं। उन्हें स्टेट गेस्ट का दर्जा मिलेगा। उनकी सुरक्षा चौबीसों घंटे रहेगी।

### मम्मड़खेड़ा में लगा भारतीय भाषा समर कैंप

**रानियां।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मम्मडख़ेड़ा में भारतीय भाषा समर कैंप जून 2025 का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य नीरज पाहुजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। शिविर के प्रथम दिन दिवस पर बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्तियां, अक्षर, संख्याएं व हस्ताक्षर आदि गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। सभी बच्चों ने इन गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्य नीरज पाहुजा ने कहा कि व्यक्ति को विभिन्न भाषाओं का ज्ञान होना अति आवश्यक है बिना भाषा ज्ञान के व्यक्ति अधूरा है। इस अवसर पर बच्चों व अध्यापकों के मध्य भाषा ज्ञान गतिविधियां सहजता से संपन्न हुई। इस मौके पर प्राचार्य नीरज पाहुजा, शास्त्री राजेश व अन्य मौजूद रहे।

### मई माह में फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# करोड़ों का नशा पकड़ा, 224 आरोपी सलाखों के पीछे भेजे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


एसपी सिद्धांत जैन।

- पुलिस अवैध हथियारों सहित भी कई लोगों को पकड़ा

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने मई माह के दौरान नशा तस्करों, अपराधियों और गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अपराध नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान कुल 224 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिनमें कई गंभीर श्रेणी के मामले भी शामिल हैं। मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए मई माह में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 34 मुकदमे दर्ज कर 51 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 10 मामले कमर्शियल मात्रा के हैं। पुलिस ने इनके पास से 490 किलोग्राम डोडा पोस्त, 17 किलोग्राम गांजा, 18 किलोग्राम चरस, 3 किलोग्राम अफीम, 230 ग्राम हेरोइन, 21 प्रतिबंधित सिरप, 1800 प्रतिबंधित टैबलेट बरामद की। इसके अलावा अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 24 मुकदमे दर्ज कर 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 265 बोतल हथकड़ी शराब, 550 बोतल देसी शराब, 4100 बोतल अंग्रेजी शराब, 2787 बोतल बीयर, 1010 लीटर लाहन, 2 अवैध चलती भट्टियां पकड़ी। अवैध हथियारों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने मई माह में शस्त्र अधिनियम के तहत 7 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 9 देशी पिस्तौल तथा 15 जिंदा कारतूस बरामद किए। जुआ अधिनियम के तहत 3 मामलों में 17 आरोपियों को काबू किया गया और उनके कब्जे से 60 हजार की नकदी बरामद की गई। पुलिस ने मई माह में 38 चोरी के मामलों को सुलझाते हुए 57 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से लाखों रुपये मूल्य की चोरी की संपत्ति व नकदी बरामद की। इसके अतिरिक्त, क्रिकेट सट्टेबाजी के 2 मामलों में 2 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। वांछित अपराधियों की धरपकड़ में विशेष अभियान के अंतर्गत 32 पीओ, 30 बेल जम्पर पकड़े। पुलिस ने पंजाब और राजस्थान की सीमा से सटे क्षेत्रों में आने-जाने वाले वाहनों व व्यक्तियों की गहन चेकिंग की। शहर के चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन गश्त, पैदल पेट्रोलिंग और नाकाबंदी की गई। इसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में पुलिस का भय स्थापित करना रहा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल अपराधों पर नियंत्रण तक सीमित नहीं है।

## एवीटी स्टाफ को कामयाबी, एक लाख की हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार


आरोपी हरजिन्द्र सिंह उर्फ राजू।

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सफलता प्राप्त करते हुए करीब एक लाख रुपये मूल्य की 20 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की पहचान हरजिन्द्र सिंह उर्फ राजू पुत्र सतनाम सिंह, निवासी ढाणी खूनन, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। एवीटी प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक रामकिशन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि हरजिन्द्र उर्फ राजू मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त है और आज किसी स्थान पर हेरोइन की सप्लाई करने वाला है। पुलिस टीम ने तत्काल हरकत में आते हुए गांव खुम्बर के निकट नाकेबंदी की और आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी शुरू कर दी। थोड़ी ही देर में एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हरजिन्द्र उर्फ राजू बताया। पुलिस ने जब उसकी नियमानुसार तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी जा रही है। आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लेते हुए थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने मादक पदार्थ रखने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह नशा कहां से लाया गया था और किसे सप्लाई किया जाना था।

## टोहाना के हिमांशु की आईआईटी एडवांस में 9408वीं रैंक, अब इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में करेंगे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना


**टोहाना।** अपने परिवार के साथ हिमांशु गर्ग। फोटो :हरिभूमि

आईआईटी एडवांस की परीक्षा परिणाम में गुप्ता कॉलोनी के रहने वाले छात्र हिमांशु गर्ग ने ऑल इण्डिया रैंक 9408 प्राप्त कर परीक्षा को क्वालिफाईड किया है। हिमांशु की इस उपलब्धि से अकैडमी व गर्ग परिवार में खुशी का माहौल छा गया है। हिमांशु को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

अकैडमी के एमडी राहुल गर्ग ने बताया कि आईआईटी मेन्स की परीक्षा में भी हिमांशु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.30 प्रेस परसेंटाइल प्राप्त किए थे। इसी कड़ी में निरंतर परिश्रम करते हुए अब हिमांशु ने आईआईटी एडवांस में 9408 रैंक प्राप्त कर राहुल सर अकैडमी, अपने माता पिता व टोहाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकैडमी में हिमांशु व उनके माता पिता का भव्य अभिनंदन किया गया। राहुल गर्ग ने कहा कि अगर सीखने की लगन है तो कोई भी मुश्किल रास्ता नहीं रोक सकती। हिमांशु गर्ग ने बताया वह इंजीनियरिंग करना चाहता है। हिमांशु ने बताया कि वह सोशल मीडिया में सिर्फ यूट्यूब से पढ़ाई करता था और घर आने के बाद 8 से 10 घंटे पढ़ाई करता था अब आगे चलकर इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में पढ़ाई करना चाहता है।

### बाबा अमीर शाह व सखी सुल्तान की दरगाह पर लगा वार्षिक मेला

**रानियां।** खंड के गांव मौजदीन में बनी बाबा अमीर शाह व बाबा सखी सुल्तान की दरगाह पर ग्रामीणों की ओर से सोमवार को वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ डेरा बाबा भूमणशाह से गद्दीनशीन बाबा हरिनाम दास ने किया। इस आयोजन पर हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। दरगाह पर शब्द कीर्तन, प्रवचन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए बाबा हरिनाम दास ने कहा कि राम नाम के सुमिरन से मनुष्य के बुरे कर्म कट जाते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वसुदेव कुटुंबकम के मार्ग पर चलते हुए आपसे प्यार और भाईचारे के साथ रहना चाहिए।

## समर कैम्प में गुजराती भाषा सीखेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** अहरवां समर कैम्प में गुजराती भाषा सीखते विद्यार्थी।

गांव अहरवां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ कैम्प की मुखिया पंजाबी प्रवक्ता वीरपाल कौर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कैंप में शामिल छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। वीरपाल कौर ने कहा कि यह समर कैंप विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के स्त्रोत है, सबको इसमें भाग लेना चाहिए। कैंप की गतिविधियों बारे अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश कुमार भारद्वाज ने बताया कि यह कैंप राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के आदेश पर सभी राज्यों में लगाए जा रहे हैं। यह कैंप सप्ताहभर प्रतिदिन चार घंटे लगातार जारी रहेंगे और 28 घंटे का कोर्स पूरा करवाया जाएगा। जीव विज्ञान के प्रवक्ता सुनील जांगिड ने बताया कि इस दौरान प्रतिभागियों को गुजराती भाषा का परिचय, वर्णमाला, बोलचाल संवाद के बारे में जानकारी दी जाएगी।

*सीएम को लिखा पत्र, शहर के बाहर ले जाने का विरोध*

## लाइब्रेरी को शिफ्ट करने के फैसले पर पुर्नविचार करे प्रशासन : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



जिला प्रशासन को शहर के बीचों-बीच चल रही जिला लाइब्रेरी को शहर से दूर शिफ्ट करने के अपने फैसले पर पुर्नविचार करना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि वह जिला लाइब्रेरी को शहर के बीच में ऐसी जगह शिफ्ट करे जहां विद्यार्थियों और आम आदमी की पहुंच आसान हो सके। यह बात युवा कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने प्रशासन द्वारा बीडीपीओ कार्यालय में चल रही जिला लाइब्रेरी को शहर से दूर नए बस स्टैण्ड परिसर में शिफ्ट करने का विरोध करते हुए कही। उन्होंने इसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है।सीएम को लिखे पत्र में युवा समाजसेवी ने कहा कि बी डी पी ओ कार्यालय में चल रही लाइब्रेरी में काफी संख्या में युवा व आम लोग पढऩे के लिए आते हैं लेकिन हाल ही में प्रशासन ने लाइब्रेरी के इस भवन को कंडम घोषित कर लाइब्रेरी को शहर से बाहर हिसार रोड पर बने बस स्टैण्ड परिसर में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है जोकि किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बस स्टैण्ड पर हर समय भीड़भाड़ रहती है। लोगों की चहल-पहल और बसों के शोर-शराबे के बीच लाइब्रेरी में पढऩे के लिए शांत माहौल नहीं मिल सकता। दूसरी ओर, शहर से दूर होने के कारण विद्यार्थियों और आमजन आसानी से वहां पहुंच भी नहीं सकते। ऐसे में लाइब्रेरी को शहर से बाहर शिफ्ट करना कतई उचित नहीं है और ऐसा करके प्रशासन बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर मांग की है कि जिला लाइब्रेरी को शहर से दूर शिफ्ट करने की बजाय शहर के बीचों-बीच जगह तलाश कर वहां शिफ्ट किया जाए।

*विभाग कार्यालय में हुई बैठक*

## धर्मपाल दरियापुर सर्वसम्मति से बने हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के प्रधान

### राणा पंवार शाखा सचिव और महाबीर कोषाध्यक्ष चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के चुने गए पदाधिकारी।

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की चुनावी बैठक आज भट्टू रोड स्थित फतेहाबाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रांगण में हुई। बैठक में यूनियन की फतेहाबाद शाखा का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया।

चुनाव सभा में विशेष तौर पर राज्य उपप्रधान धर्मराज घनघस तथा राज्य चेयरमैन सत्यपाल वर्मा ने भाग लिया। उनकी देखरेख में हुए चुनावों में सर्वसम्मति से धर्मपाल दरियापुर को शाखा प्रधान चुना गया। इसके अलावा राणा पंवार को शाखा सचिव, महाबीर को कोषाध्यक्ष, संजीव कुमार को उप कोषाध्यक्ष, बलजिन्द्र सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, ईश्वर बागड़ी को उपप्रधान, शमशेर सिंह को मुख्य संगठन सचिव, हरपाल सिंह को मुख्य सलाहाकार, राजू सिवरमैन को ऑडिटर तथा संजय कुमार को प्रैस सचिव चुना गया। सभी पदाधिकारियों को संविधान के तहत राज्य उपप्रधान जसमेर शर्मा एवं जगदीश दड़बा ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नवनियुक्त शाखा प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी हैं, वह पूरी निष्ठा व ईमानदार से उसका निर्वाह करेंगे। कर्मचारियों की सभी मांगों और समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर काफी संख्या में विभाग के कर्मचारी भी इस मौके पर मौजूद रहे।


**फतेहाबाद।** पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाते संस्था सदस्य।

## जीव संरक्षण: पूर्ण सोसायटी ने पेड़ों पर लगाए सकोरे और पक्षियों के घौंसले

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी की टीम ने जीव संरक्षण की दिशा में शहर के विभिन्न पार्कों व मंदिरों में पक्षियों के लिए पानी के नए सकोरे व घरौंदे लगाए। प्रेजिडेंट सन्नी बंसल व पायल चक्रवर्ती के नेतृत्व में चलाए गए सकोरा लगाओ अभियान की शुरूआत लालबत्ती चौक पर स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क से की गई। साथ लगते अन्य पार्क, डाकघर के पास बने पार्क, मॉडल टाऊन पार्क व गीता मंदिर में बनी वाटिका में दर्जनों सकोरे लगाए गए तथा ताजा पानी भी भरा। गर्मी में पंछियों के आसरे के लिए भारी संख्या में कृत्रिम घौंसले भी पेड़ों पर लगाए गए। स्थानीय लोगों को इन सकोरों में नियमित पानी डालने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस कार्य में राजकमल, सुभाष चंदौरा, ललित चक्रवर्ती, विकास नायक, लक्ष्मी नायक, गौरव गोयल, सुदर्शन नरुला, सयम कुमार, गौरव गोयल, राजेश मुटियार, नवकल्याण संस्था से बंटी कम्बोज, महेन्द्र कम्बोज, अंकित मैहता ने अपनी निस्वार्थ सेवाएं दीं।

## पुलिसकर्मियों को ई-डार एप का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा


**सिरसा।** प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-डार ऐप के संचालन के बारे में सोमवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय की विवेकानंद लाईब्रेरी स्थित कम्प्यूटर लैब में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ई-डार ऐप रोड एक्सीडेंट की जानकारी को तुरंत और प्रभावी रूप से सांझा करने के लिए विकसित की गई एकीकृत डिजिटल प्रणाली है। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस कर्मचारियों ने हिस्सा लेते हुए इस एप्प की बारीकियां जानी। इस दौरान एनआईसी से डिस्ट्रिक रोलआउट मैनेजर संजय और मास्टर ट्रेनर अमित ने इस एप्प और वेब पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस एप्प और वेब पोर्टल का उद्देश्य दुर्घटनाओं की जानकारी को त्वरित और पारदर्शी बनाना, सडक़ दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाना है। इससे सडक़ दुर्घटना के मुआवजा दावों की प्रक्रिया तेज होने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग सडक़ हादसे के घटनास्थल पर पहुंचकर ऐप के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज करता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग और पीडब्ल्यूडी एनएचएआई आदि भी अपनी रिपोर्ट सब्मिट करेंगे। एनआईसी अधिकारियों ने प्रशिक्षण ऐप के माध्यम से पुलिस को दुर्घटना के बारे में किस प्रकार और क्या-क्या जानकारी देना आवश्यक है, जिसमें फोटो और वीडियो भी अपलोड करना शामिल हैं।



### शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित

**सिरसा।** थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ सिरसा तथा शिव शक्ति ब्लड बैंक के सहयोग से वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन शिव शक्ति ब्लड बैंक में किया गया, जिसमें 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके साथ-साथ निःशुल्क एचएलए टाइपिंग की जांच जो कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए एक पहला कदम है, यह मुख्यतः थैलेसीमिया के स्थायी इलाज के लिए होता है, उसका भी साथ में शिविर लगाया गया। इस जांच की प्राइवेट लैब में करवाने की कीमत लगभग 15-20 हजार रुपए है। शिविर में एचएलए के 80 सैंपल एकत्रित हुए। डॉ. प्रवीण अरोड़ा ने बताया कि थैलेसीमिया ग्रस्त लोगों को हर माह सैकड़ों यूनिट रक्त की जरूरत पड़ती है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। केवल और केवल रक्तदान ही इसका एकमात्र विकल्प है। रक्त की एक बूंद किसी अमूल्य व्यक्ति को नई जिंदगी दे सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। इस अवसर पर मेदांता गुरुग्राम के डॉ. एसपी यादव व उनकी टीम हरीश चावला, उपेंद्र कुमार, आनंद के अलावा डॉ. आरएम अरोड़ा, अनिल जैन, मोहित बब्बर, जयसिंह फुटेला, चारू मेहता, बृजेश, निशा फुटेला, रवि, राज कुमार बब्बर व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### मंदिर में भजन-कीर्तन को लेकर झगड़ा करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, डीएसपी से मिले

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे स्कूल गांव खाराखेड़ी के गुरू जम्भेश्वर मंदिर में अमावस्या के दिन भजन कीर्तन करने को लेकर एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा झगड़ा करने से समाज के लोगों में भारी रोष है। हालांकि पुलिस इस मामले में गांव की महिला राममूर्ति की शिकायत पर केस दर्ज कर चुकी है लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले को लेकर काफी संख्या में बिश्नोई समाज के लोग एसपी से मिलने फतेहाबाद पहुंचे। ग्रामीणों ने डीएसपी संजय कुमार से मुलाकातकर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई। डीएसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच की जा रही है।गांव खाराखेड़ी स्थित गुरु जंभेश्वर मंदिर के प्रधान रामकुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि 27 मई को गांव में अमावस्या के दिन गुरु जंभेश्वर मंदिर में जागरण का आयोजन किया हुआ था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर 18.95 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने जिले के एक युवक को अपने जाल में फंसाते हुए शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर उससे लाखों रुपये हड़प लिए। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोचीवाली निवासी राजेन्द्र सिंह ने कहा है कि उसके लडक़े भूपेन्द्र सिंह के पास शेयर मार्किट ट्रेडिंग के लिए अज्ञात व्यक्ति का मैसेज आया। मैसेज में उसने कहा कि वह शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं और उन्होंने भूपेन्द्र सिंह को व्हाटसएप ग्रुप में ऐड किया है। ग्रुप में खरीद गए शेयर का इन्वेस्टमेंट प्रॉफिट दिखाते थे। लगातार 10 दिन तक इनकी चैट से प्रभावित होकर भूपेन्द्र सिंह ने भी इन्वेस्टमेंट के लिए उनके द्वारा दिए गए लिंक में अपना मोबाइल नंबर डालकर खाता खोल लिया। इसके बाद उससे लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर दी गई।

**शिकायत** समाधान शिविर में सीटीएम संजय बिश्नोई ने लोगों की शिकायतें सुनीं

# थेड़ी में फर्जी बिजली कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते जिला नगरायुक्त संजय बिश्नोई।

सरकार का मकसद लोगों को न्याय दिलवाना है, इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा समाधान शिविर के रूप में यह पहल की गई है इसलिए समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटान अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला नगरायुक्त संजय बिश्नोई ने नागरिकों की शिकायतें सुनने उपरांत उपस्थित अधिकारियों को दिए। समाधान शिविर में गांव बुआन निवासी परशुराम ने पीपीपी से संबंधित, धारनिया निवासी शिवपाल ने ढाणी के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाई वोल्टेज तारों को हटवाने बारे, बड़ोपल निवासी भगवान दास ने जमीन के पैसे ना मिलने बारे, गांव हुकमावली निवासी नरेश कुमार ने मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार के लिए, गांव सिंबलवाला निवासी बलकार सिंह ने पीपीपी में इनकम ठीक करवाने, गांव थेडी निवासी रणबीर ने गांव में फर्जी बिजली के कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने की लेकर शिकायत आज आमजन समाधान शिविर में पहुंचे। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का बारीकी से अध्ययन कर संबंधित विभागों को सौपते हुए जिला नगरायुक्त ने कहा कि इन शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटान करना सुनिश्चित करें तथा समाधान होने उपरांत इसकी सूचना संबंधित प्रार्थी को भी दें।गांव ढाबीखुर्द निवासी कलावती ने खर्चा गुजारा प्रतिमाह व भूमि वापिस दिलवाने बारे, गांव मोहम्मदपुर सोत्तर के ग्रामीणों ने मोबाइल टावर को हटवाने बारे, गांव नांगल निवासी सुखविन्द्र ने कानूनी तौर पर जमीन कब्जा दिलवाने, गांव पीलीमंदोरी निवासी सुंदर देवी ने प्रार्थी की जमीन से नाजायज व्यक्ति को हटाने की मांग की।